# ईएसआई बीमित का हितलाभ समय पर देने को प्रतिबद्ध



सिटी रिपोर्टर | लुधियाना

श्रम और रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने 7 से 13 मार्च तक आजादी का अमृत महोत्सव-प्रतिष्ठिक सप्ताह के तौर मनाया। इस विशेष अभियान में कार्यालय परिसर एवं आसपास की सफाई का विशेष ध्यान रखना भी सम्मिलित है। यूएएन को ईएसआई के नए पंजीकरण के साथ जोड़ा जाएगा। आइकोनिक सप्ताह की शुरुआत उप-निदेशक प्रभारी सुनील कुमार यादव के साथ अजय सिंह और सहायक निदेशक अश्वनी सेठ ने ज्योति प्रज्ज्वलित की। यादव ने अधिकारियों-मुलाजिमों को इस प्रतिष्ठित सप्ताह के दौरान की जाने वाली गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि ईएसआईसी बीमित व्यक्तियों के हितलाभ दावों का समय पर भुगतान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा योजना कारखानों और अन्य स्थापनाओं, जैसे सड़क परिवहन, होटलों, रेस्त्रां, सिनेमा, समाचार-पत्र, दुकान तथा शिक्षा-चिकित्सा संस्थानों पर लागू होती है, जहां 10 या उससे अधिक व्यक्ति नियोजित हों। कारखानों और संस्थापनाओं की उपरोक्त श्रेणियों के कर्मचारी जो प्रति माह 21 हजार रुपए तक वेतन प्राप्त करते हैं, वे कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा व्याप्ति के लिए पात्र हैं। लुधियाना क्षेत्र में कर्मचारी राज्य बीमा निगम का एक उप क्षेत्रीय कार्यालय, 5 शाखा कार्यालय, 1 अस्पताल और 13 औषधालय हैं।